भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1720

उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई 2026

भिवंडी में नेटवर्क कवरेज की समस्याएं

1720. श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी शहर में नागरिक और उद्योग कमजोर नेटवर्क कवरेज, बार-बार कॉल ड्रॉप और भीड़भाड़ वाले औद्योगिक तथा भांडागार समूहों में धीमी ब्रॉडबैंड एवं मोबाइल इंटरनेट गति जैसी संचार से संबंधित समस्याओं के कारण भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इन संचार बाधाओं को दूर करने के लिए उठाए गए या उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क): भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई), सेवा की गुणवत्ता (क्यूओएस) विनियम में यथा निर्धारित विभिन्न सेवा गुणवत्ता मापदंडों के बेंचमार्क के तहत सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन की निगरानी करता है। मोबाइल सेवाओं के लिए ट्राई द्वारा मई 2026 माह के लिए प्रकाशित प्रदर्शन निगरानी रिपोर्ट के अनुसार सभी सेवा प्रदाता महाराष्ट्र लाइसेंस सेवा क्षेत्र, जिसमें ठाणे जिले का भिवंडी भी शामिल है, में नेटवर्क से संबंधित सभी क्यूओएस मापदंडों के बेंचमार्क को पूरा कर रहे हैं।

(ख): सरकार ने डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) के माध्यम से महाराष्ट्र के ठाणे जिले सहित देशभर में सेवा से वंचित चिह्नित गांवों/स्थानों में 4जी मोबाइल सेवाएं प्रदान करने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की हैं। 30.06.2026 तक, डीबीएन मोबाइल परियोजनाओं के तहत, 63 टावरों को ऑन एयर किया गया है जिससे महाराष्ट्र के ठाणे जिले के 74 गांवों को 4जी मोबाइल कवरेज उपलब्ध कराया गया है।

*****